प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 18.04.2026 (सुबह – 0830 बजे)
मुख्य समाचार

1. **लोकसभा में दो–तिहाई बहुमत की कमी से नहीं पारित हो सका 131वां संविधान संशोधन विधेयक; केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा– देश की महिलाएं विपक्ष को देंगी मुंहतोड़ जवाब।**
2. **राज्यपाल ने झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक 2026 को दी मंजूरी; अब मुख्यमंत्री की भी होगी कुलपति नियुक्ति में भूमिका।**
3. **राज्य के पेयजल मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने की जलजीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा; खराब चापाकलों को तुरंत ठीक करने के निर्देश।**
4. **झारखंड ट्रेजरी घोटाले की जांच के लिए आठ सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति गठित; सभी कोषागारों के रिकॉर्डो की होगी सघन पड़ताल।**
5. **रांची के खेलगांव में वर्ल्ड स्कूल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए बालिका चयन ट्रायल शुरू; वर्ल्ड स्कूल गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मिलेगा मौका।**

****

लोकसभा में 131वां संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं हो सका। पक्ष में 298 और विपक्ष में 230 वोट पड़े, जिसके कारण विधेयक को आवश्यक दो–तिहाई बहुमत नहीं मिल सका। इस विधेयक के रुकने के कारण परिसीमन और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक भी पेश नहीं किए जा सके। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने इसे विपक्ष द्वारा गंवाया गया एक ऐतिहासिक अवसर बताया, वहीं गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस को आगामी चुनावों में महिलाओं का गुस्सा झेलना पड़ेगा। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि इस देश की महिलाएं विपक्ष को मुंहतोड़ जवाब देंगी।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक 2026 को मंजूरी दे दी है। अब राज्य के विश्वविद्यालयों में कुलपति और प्रति–कुलपति की नियुक्ति राज्यपाल और मुख्यमंत्री की आपसी सहमति से होगी। इस नए कानून से विश्वविद्यालय सेवा आयोग के गठन का रास्ता भी साफ हो गया है, जिससे शिक्षकों और प्राचार्यों की बहाली प्रक्रिया में तेजी आएगी। प्रशासनिक कार्यों में राज्य सरकार और उच्च शिक्षा विभाग की भूमिका अब और भी प्रभावी होगी।

****

राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कल रांची में जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिये। मंत्री ने स्पष्ट किया कि जल जीवन मिशन की योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

****

राज्य सरकार ने प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए 46 आईपीएस अधिकारियों और 17 जिलों के उपायुक्तों का तबादला कर दिया है। नई अधिसूचना के अनुसार, निधि द्विवेदी को सरायकेला, अमन कुमार को हजारीबाग और नाथू सिंह मीणा को बोकारो का नया एसपी नियुक्त किया गया है। वहीं, जमशेदपुर, देवघर और गढ़वा समेत 17 जिलों में नए उपायुक्तों की तैनाती की गई है।

****

रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे से यात्रा करने वालों के लिए राहत भरी खबर है। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए विमानन कंपनियों ने मई महीने से चार अतिरिक्त उड़ानों के संचालन का निर्णय लिया है। एयरपोर्ट प्रबंधन के अनुसार, इन नई उड़ानों के शुरू होने से नई दिल्ली, मुंबई और हैदराबाद के लिए सीधी कनेक्टिविटी और मजबूत होगी।

****

सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद देशभर में घरेलू एलपीजी की आपूर्ति स्थिर है। नई दिल्ली में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि कल एक ही दिन में 50 लाख से अधिक सिलेंडरों का वितरण किया गया। नियमों की अनदेखी पर 65 वितरकों को निलंबित भी किया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक पांच किलो वाले 16 लाख 50 हजार से अधिक सिलेंडर बेचे जा चुके हैं।

****

राज्य में सामने आए ट्रेजरी घोटाले की जांच के लिए आठ सदस्यीय उच्चस्तरीय कमिटी का गठन किया गया है। प्रधान सचिव अमिताभ कौशल की अध्यक्षता वाली यह टीम राज्य के सभी कोषागारों के रिकॉर्ड खंगालेगी। वहीं, मामले के आपराधिक पहलुओं की जांच सीआईडी द्वारा की जा रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

****

साहिबगंज जिले में स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए पोषण पखवाड़ा के तहत कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

पलामू प्रमंडल के लोगों के लिए मौसम विभाग ने अभी–अभी एक तात्कालिक चेतावनी जारी की है।

अगले एक से तीन घंटों के भीतर पलामू और गढ़वा जिले के कुछ हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ बारिश होने की प्रबल संभावना है। इस दौरान कुछ स्थानों पर तेज हवाएं भी चल सकती हैं। मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम को देखते हुए सुरक्षित स्थानों पर रहें, ऊंचे पेड़ों या बिजली के खंभों के नीचे शरण न लें और सतर्क रहें।

****

रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश ताना भगत इंडोर स्टेडियम में वर्ल्ड स्कूल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए बालिका चयन ट्रायल शुरू हो गया है। तस तक चलने वाले इस ट्रायल में देश भर की प्रतिभाशाली खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं। अंतिम रूप से चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय शिविर के बाद जुलाई में चीन के सांगलोउ में होने वाले वर्ल्ड स्कूल गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पारित नहीं होने की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

प्रभात खबर ने लिखा है– महिला आरक्षण से जुड़ा बिल 54 वोटों से गिरा।

दैनिक जागरण लिखता है– कांग्रेस को शाह की चेतावनीः मातृशक्ति मांगेगी हिसाब, नहीं मिलेगा रास्ता।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– चाईबासा जेल ब्रेक कांड के आरोपी सहदेव समेत 4 नक्सलियों को पुलिस ने मार गिराया।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– गवर्नर व सीएम करेंगे वीसी–प्रोवीसी की नियुक्ति।

****